

# पांच दिन से नहीं आ रहा पानी बेलदार का पुरा में फूटी लाइन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 अप्रैल.** वार्ड क्रमांक 38 स्थित बेलदार का पुरा में पानी की लाइन फूट जाने के कारण विगत पांच दिनों से लोगों के घरों में पानी नहीं आ रहा है, जिसके कारण आमजन परेशान हैं, लोगों ने इसकी शिकायत क्षेत्रीय पार्षद से भी की है, लेकिन अभी तक समस्या का निराकरण नहीं हो सका है। वार्ड 38 में रहने वाले लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने वाली लाइन विगत पांच दिन पहले फूट गई थी। लाइन फूटने के बाद पानी की सप्लाई बंद कर दी, जिससे लोगों के घरों में पानी आना बंद हो गया। विगत पांच दिनों में पीएचई विभाग पानी की लाइन को नहीं जोड़ सका है। जिसके कारण बेलदार का पुरा में रहने वाले लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए परेशान हो रहे हैं। लोगों को पीने के लिए पानी खरीदना पड़ रहा है। जबकि कई लोग अपने परिचितों और रिश्तेदारों के घरों से पानी भर कर ला रहे हैं, जिसके कारण उनका अधिकांश समय सिर्फ पानी की व्यवस्था करने में ही बीत रहा है। बेलदार का पुरा में सबसे अधिक मजदूर वर्ग रहता है जिससे सुबह काम पर जाना होता है, मजदूरी करने के बाद मिलने वाले पैसों से उनके घर का चूल्हा चलता है, लेकिन सुबह से पानी की तलाश में भटकने के कारण लोग अपनी मजदूरी पर भी नहीं जा पा रहे हैं।

**इनका कहना है..**

पानी की लाइन फूट गई थी, उसे ठीक करने के निर्देश दिए थे, मैं पता करता हूं कि अभी तक पानी की लाइन ठीक क्यों नहीं हुई है।

**- अवनीश गुप्ता, उपयंत्री जलप्रदाय दक्षिण विधानसभा**

# सीवर की सफाई के लिए ऊर्जा मंत्री मैदान में, नई मशीन खरीदी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 अप्रैल.** सीवर समस्या से आमजनों को मुक्ति दिलाने के लिए विधायक निधि से खरीदी गई सीवर सकर मशीन का लोकार्पण किया। लोकार्पण के बाद सीवर सकर मशीन ने सीवर लाइनों की सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया।

**30 अप्रैल तक चलेगा अभियान समारोह में सीवर सकर मशीन का लोकार्पण**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के आव्हान पर ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में शनिवार से सीवर स्वच्छता अभियान शुरू किया गया है। इस अवसर पर सीवर समस्या को दूर करने के लिए सीवर सकर मशीन का ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने लोकार्पण किया।









यह मशीन ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के लिए उपलब्ध कराई गई है। उप नगर ग्वालियर के कांच मिल क्षेत्र से इस मशीन ने शनिवार से सीवर लाइनों की सफाई करना शुरू कर दिया।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सीवर सफाई का पूरा शेड्यूल बताते हुए कहा कि 18 अप्रैल से 30 अप्रैल तक किस-किस तारीख को कहां-कहां सफाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज ग्वालियर की स्वच्छता को नई ऊर्जा प्रदान करते हुए सीवर समस्या के समाधान के लिए 'सुपर सकर' मशीन का शुभारंभ कर इसे नगर निगम को समर्पित किया है। अब आधुनिक तकनीक के माध्यम से सफाई व्यवस्था और अधिक तेज, प्रभावी व सुदृढ़ बनेगी।

इस अवसर पर उन्होंने जन कल्याण समिति को अहम जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि जहां-जहां सीवर सफाई का काम चले, जन कल्याण समिति के लोग इस कार्य की न केवल निगरानी रखें, बल्कि यह सुनिश्चित करें की सीवर सफाई का कार्य सुव्यवस्थित तरीके से हो।

इस अवसर पर योगेन्द्र सिंह तोमर, शैलेन्द्र सिंह सिकरवार, चिंटू परमार, महेश सिंह भदौरिया, लवी खंडेलवाल, अरुण बाजपेयी, रसाल सिंह सिकरवार, जगन्नाथ सिंह सिकरवार, राम अवतार सिंह बैस, सुरेन्द्र सिंह चौहान सहित वरिष्ठ पार्षद, प्रशासन, नगर निगम, विद्युत वितरण कंपनी, लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## जैन समाज ग्वालियर की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह 1 मई को

**ग्वालियर 17 अप्रैल.** अखिल जैन समाज ग्वालियर की प्रतिष्ठित संस्था श्री वीर शिक्षा समिति ग्वालियर (जैन छात्रावास कर्मेव) द्वारा संचालित जैन सेन्ट्रल हाई स्कूल द्वारा ग्रेटर ग्वालियर जैन समाज के उन सभी प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राओं का जिन्होंने इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल एवं सी.बी. एस. ई बोर्ड की कक्षा 10 वी एवं 12 वी परीक्षाओं में 90 प्रतिशत और इससे अधिक अंक अर्जित किये है उनका प्रतिभा सम्मान समारोह 1 मई को सांयकाल 6:30 बजे बर्धमान बैंकट हॉल (जैन छात्रावास प्रांगण) में आयोजित किया जा रहा है। ग्रेटर ग्वालियर जैन समाज के सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं से निवेदन है कि अपने आवेदन पत्र 25 अप्रैल तक संस्था कार्यालय, माधव डिस्पेन्सरी के सामने राजपायगा रोड़ लश्कर ग्वालियर में कार्यालीन समय सुबह 9 बजे से 12 बजे तक आवश्यक रूप से जमा करवा देवें।

# कटारे फार्म हाउस पर पुलिस ने खाली कराई झुग्गी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 अप्रैल.** शहर में हो रही सवारी वाहनों में चोरी की वारदातों को रोकने के लिए पुलिस ने कमर कसना शुरू कर दिया है। बीते रोज यातायात पुलिस ने शहर भर में सवारी वाहन चालकों को समझाइश दी, तो रात में उन स्थानों पर पहुंची, जहां पर चोर गिरोह के सदस्य झुग्गी झोपड़ी बनाकर रहते हैं और वारदात के बाद यहां से निकल जाते हैं। गोला का मंदिर पुलिस ने शर्मा फार्म और कटारे फार्म में ऐसे ही झुग्गी बनाकर रहने वालों पर कार्रवाई की। ज्ञात हो कि हाल ही में शहर में

सवारी वाहनों में जेबकटी, चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। चोर गिरोह वारदात के बाद गायब हो जाते थे। पुलिस ने जब सीसीटीवी से इनका रूट तैयार किया तो पता चला कि यह गिरोह दूसरे शहरों, राज्यों से आकर यहां पर झुग्गी झोपड़ी में ठिकाना बनाते हैं और वारदातों को अंजाम देकर निकल जाते हैं। इसके चलते एएसपी अनु बेनीवाल ने बीते रोज शहर के उन हिस्सों में अभियान चलाया और ऐसे लोग जो बाहर आकर शहर की सरकारी जमीनों पर झुग्गी बनाकर रह रहे थे। उन्हें पुलिस ने यहां से खदेड़ दिया। साथ ही चेतावनी दी कि अब शहर में न रूकें, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शहर भर में यातायात पुलिस ने सवारी वाहनों में वारदात रोकने के लिए इन वाहन चालकों को समझाइश दी और शंका होने पर पुलिस को सूचना देने के लिए समझाइश दी। जिससे वारदात से पहले ही यह आरोपी पकड़े जा सकें।

**कन्नौज के जेबकट रुके थे कटारे फार्म में**

दो दिन पहले एक बुजुर्ग की जेबकाट कर तीस हजार रुपए ले गए थे। इनकी पड़ताल की तो पता चला कि यह कन्नौज के थे और कटारे फार्म में कुछ दिन झुग्गी बनाकर रूके थे। इससे पहले भी आगरा का एक गिरोह इसी तरह आकर ठहरा था और वारदात के बाद गायब हो गया।

**इनका कहना है..**

सवारी वाहनों में वारदातों को रोकने के लिए पुलिस जुटी हुई है। बीते रोज पुलिस ने सवारी वाहनों चालकों को जागरूक किया था। वहीं गोला का मंदिर पुलिस ने झुग्गी बनाकर रहने वाले संदेहियों को खदेड़ा है।

**अनु बेनीवाल, एएसपी**

# मोबाइल बॉक्स के अंदर रखे मिले पत्थर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 अप्रैल.** मोबाइल बॉक्स में एप्पल मोबाइल के स्थान पर पत्थर रखकर डिलीवरी

**डिलीवरी बॉय ले उड़ा सात एप्पल के मोबाइल, क्राइम ब्रांच ने दर्ज किया मामला**

बॉय गायब हो गया। घटना विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के गोविंदपुरी स्थित इंस्ट्राकार्ड डिलीवरी कम्पनी कार्यालय की है। डिलेवरी बॉय से संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद मिला है। मामले की शिकायत कंपनी अफसरों ने क्राइम ब्रांच में की। क्राइम ब्रांच ने मामला दर्ज कर डिलीवरी बॉय की तलाश शुरू कर दी है। डीडी नगर चावला मार्केट निवासी राजकुमार शर्मा पुत्र रामकिशोर शर्मा

इंस्ट्राकार्ड डिलीवरी कम्पनी में टीम लीडर के पद पर काम करते हैं। कंपनी का कार्यालय सिल्वर स्टेट गोविन्दपुरी में है। यहां पर अजयपुर निवासी ध्रुव सेम पुत्र रामेश्वर सेम डिलीवरी करने का काम करता है। ध्रुव कार्यालय से 28 पार्सल डिलीवरी के लिए लेकर निकला था और उसके बाद वह वापस नहीं आया।

शाम को उसका बैग कार्यालय में रखा मिला था। जिसे चेक करने पर पता चला कि बैग से 28 पार्सलों में से 16 उसके द्वारा डिलीवर किए गए थे और पांच पार्सल सही सलामत रखे थे। जबकि सात मोबाइल के बॉक्सों में से एप्पल कंपनी के मोबाइल गायब थे और उनके स्थान पर पत्थर रखे हुए थे। ध्रुव सेम से काफी संपर्क करने के बाद भी संपर्क नहीं हो सका तो मामले की शिकायत क्राइम ब्रांच में की। शिकायत की जांच के बाद क्राइम ब्रांच ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



# केसर टावर में अग्नि सुरक्षा संसाधनों की जांच एवं प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 अप्रैल.** नगर निगम ग्वालियर द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह के उपलक्ष पर नोडल अधिकारी रजनीश गुप्ता के निर्देशन में केसर टावर रेस कोर्स रोड मैं आने वाले समस्त नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से केसर टावर में स्थापित अग्निशमन उपकरणों एवं संसाधनों की जांच एवं उनके उपयोग हेतु स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में नगर निगम के फायर ऑफिसर उमंग प्रधान सहायक फायर ऑफिसर जोगेंद्र सिंह एवं केशर टावर के फायर एंड सेफ्टी मैनेजर भास्कर शर्मा एवं स्टाफ मौजूद रहे।

# आईटीएम में फेयरवेल पार्टी 'रुखसत-2026' का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 अप्रैल.** आईटीएम ग्वालियर में तृतीय वर्ष और फइनल ईयर के स्टूडेंट्स के लिये फेयरवेल पार्टी 'रुखसत-2026' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आईटीएम ग्वालियर की डायरेक्टर डॉ. मीनाक्षी मजूमदार, डीन एकेडमिक डॉ. एसएस चौहान, डीन एडमिन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डीन आईक्यूएसी डॉ. राजीव सिंह चौहान, डीएसडब्ल्यू डॉ. नितिन दीक्षित, प्रोक्टर डॉ. ऋषि सोनी, एडीएसडब्ल्यू डॉ. प्रभा दीक्षित, डीन रिसर्च डॉ. दीपेश भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और विभिन्न विभागों के सीनियर और जूनियर छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यक्रम में निकुंज एंड विवेक ग्रुप द्वारा शानदार बैंड परफॉर्मेंस प्रस्तुति देकर उत्साह का संचार किया। इसी क्रम में आशिका एंड ग्रुप द्वारा बॉलीवुड स्पाइसेज डांस, सानिया एंड तनिष्का द्वारा डुएड डांस, मुस्कान एंड ग्रुप द्वारा ऊर्जावान क्रू डांस तथा अंतिम वर्ष के स्टूडेंट्स द्वारा विशेष नृत्य प्रस्तुत किया. इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. मीनाक्षी मजूमदार ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आपकी यह विदाई नहीं, बल्कि जीवन की नई यात्रा की शुरुआत है, जहां ज्ञान, अनुभव एवं संस्कारों के साथ नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे।







**आरुषि व सेजल मिस और रिषभ और हर्ष बने मिस्टर फेयरवेल**

फेयरवेल पार्टी 'रुखसत-2026' में मिस्टर एंड मिस फेयरवेल प्रतियोगित आकर्षण का केंद्र रही। तीन राउंड में आयोजित इस प्रतियोगिता में कई स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। जहां सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व, संचार कौशल एवं प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए निर्णायकों और दर्शकों को प्रभावित किया। अंत में निर्णायक मंडल ने मिस्टर एंड मिस फेयरवेल-2026 के नामों की घोषणा की। जिसमे तहत एमबीए के छात्र रिषभ जैन को मिस्टर फेयरवेल और एमबीए की छात्रा आरुषि सिंह को मिस फेयरवेल घोषित किया गया। इसी तरह बीटेक आईटी के छात्र हर्ष भदौरिया को मिस्टर फेयरवेल और छात्रा सेजल गोयल को मिस फेयरवेल चुना गया। वहीं अंत में डीएसडब्ल्यू डॉ. नितिन दीक्षित ने सभी का अभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मोबाइल अपडेट होते ही खाते से दो लाख पार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 अप्रैल.** मोबाइल अपडेट होते ही एक फैक्ट्री कर्मचारी के खाते से दो लाख रुपए साइबर ठगों ने निकाल लिए। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र के जनकपुरी आदित्यपुरम में छह मार्च की है।

**सवारी वाहनों में वारदात रोकने पुलिस का कड़ा रुख**

घटना का पता चलते ही पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर हेल्पलाइन नंबर पर की। जिसके बाद महाराजपुरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। महाराजपुरा थाना क्षेत्र के जनकपुरी आदित्यपुरम निवासी ओमनारायण वर्मा पुत्र श्रीदयाल वर्मा मालनपुर स्थित एक कंपनी में कर्मचारी है। बीते छह मार्च को उनका मोबाइल अचानक अपडेट होने लगा। कुछ देर बाद जब मोबाइल दोबारा रिस्टार्ट हुआ तो उनके मोबाइल पर पैसे निकलने के मैसेज आने लगे। मैसेज 100 जानकारी पता चला कि उनके मोबाइल से ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर हुए है। इसका पता चलते ही उन्होंने खाता ब्लॉक कराया और पुलिस की हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत की। शिकायत पर जीरो पर एफआईआर होकर महाराजपुरा थाना पहुंची, जिस पर महाराजपुरा थाना पुलिस ने असल कायमी कर ली।

**समय-सीमा में सेवायें न देने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई**

ग्वालियर 18 अप्रैल. मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत विभागों की अधिसूचित सेवाओं के आवेदनों को निर्धारित समय-सीमा में निराकृत किया जाना प्रावधानित है। समय-सीमा में सेवायें प्रदान न करना लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 की धाराओं का उल्लंघन है। इसके तहत संबंधित अधिकारियों पर शासित अधिरोपित करने का प्रावधान है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले के 14 अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की है.

# माफियाओं के हौसले बुलंद शासन को करोड़ों का चूना

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 18 अप्रैल.** प्रदेश के राजस्व में रीढ़ की हड्डी माना जाने वाला माइनिंग विभाग आज खुद 'कुपोषण' का शिकार है। ग्वालियर में कलेक्टर और कमिश्नर की सीधी निगरानी के बावजूद, यह विभाग अधिकारियों और कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है। विडंबना देखिए कि जो विभाग सरकार का खजाना भरता है, उसके पास अपने संसाधनों की रक्षा के लिए पर्याप्त बल ही नहीं है। इस प्रशासनिक कमजोरी का सीधा फायदा खनन माफिया उठा रहे हैं, जिससे सरकार को हर दिन लाखों-करोड़ों के राजस्व की चपत लग रही है। अगर समय रहते माइनिंग विभाग को संसाधनों से लैस नहीं किया गया और टास्क फोर्स का गठन नहीं हुआ, तो ग्वालियर की प्राकृतिक संपदा इसी तरह माफियाओं की भेंट चढ़ती रहेगी। राजस्व की इस बड़ी सेंधमारी को रोकना शासन के लिए भी दूर की कौड़ी बनता जा रहा हैं।

**निगरानी तंत्र फेल, सिंडिकेट के हौसले बुलंद**

विभाग में अमले की कमी के कारण जमीनी स्तर पर जांच का अभाव साफ दिखाई देता है। पर्याप्त बल न होने से खदानों की नियमित मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही है। नतीजतन, जिले में अवैध उत्खनन का सिंडिकेट बेखौफ होकर फल-फूल रहा है। माफियाओं ने तकनीक और नेटवर्क के मामले में विभाग को पीछे छोड़ दिया है, जबकि सरकारी फाइलें नियुक्तियों और संसाधनों के इंतजार में दबी हैं।

**संसाधनों की कमी से जूझता माइनिंग विभाग**



**विशेषज्ञों की राय, 'संयुक्त टास्क फोर्स' ही एकमात्र रास्ता**



प्रशासनिक विशेषज्ञों और जागरूक नागरिकों का मानना है कि अब पारंपरिक ढर्रे से बाहर निकलकर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। पुलिस के सेवानिवृत्त उच्च अधिकारी जेपी शर्मा का कहना हैं कि ग्वालियर के विकास के लिए यह आवश्यक है कि प्राकृतिक संसाधनों का शत-प्रतिशत लाभ जनता तक पहुंचे। यदि प्रशासन अवैध चोरी को रोकने में सफल होता है, तो यही पैसा शहर की सड़कों, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने में काम आएगा। शर्मा ने निम्नलिखित सुझाव भी दिए हैं- विभागीय समन्वय: खनन विभाग अकेले माफियाओं से नहीं लड़ सकता। इसके लिए पुलिस, राजस्व और वन विभाग की एक 'संयुक्त टास्क फोर्स' का गठन अनिवार्य है, जो औचक निरीक्षण कर त्वरित कार्रवाई करे। वैज्ञानिक मूल्यांकन: क्षेत्र की वास्तविक उत्खनन क्षमता और वर्तमान आय के बीच के 'गैप' को समझने के लिए आधुनिक तकनीक और डेटा का सहारा लिया जाए। जब तक चोरी का वास्तविक आंकड़ा सामने नहीं आएगा, तब तक इसे रोकना असंभव है। पारदर्शी व्यवसाय को प्रोत्साहन: जो कारोबारी ईमानदारी से टैक्स भरकर काम करना चाहते हैं, उन्हें प्रशासन का संरक्षण मिलना चाहिए। इससे न केवल अवैध कारोबार पर लगाम लगेगी, बल्कि 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को भी बढ़ावा मिलेगा।

## घर से नाराज होकर राजस्थान गई नाबालिग को ग्वालियर पुलिस ने 48 घंटे में ढूंढ निकाला

**ग्वालियर 18 अप्रैल.** ग्वालियर पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' को एक और बड़ी सफलता मिली है। थाना आरोन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घर से नाराज होकर गई एक नाबालिग बालिका को मात्र 48 घंटों के भीतर राजस्थान के बूंदी जिले से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना आरोन क्षेत्र की निवासी रूपाबाई (परिवर्तित नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी पुत्री संध्या (परिवर्तित नाम) दिनांक 14 अप्रैल की शाम अचानक घर से कहीं चली गई। परिजनों द्वारा काफी तलाश करने और रिश्तेदारों में पूछताछ करने के बाद भी जब बालिका का कोई पता नहीं चला, तो पुलिस की शरण ली गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए धारा 137 (2) बीएनएस के तहत अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी आरोन उप निरीक्षक अभिनव शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस को सटीक जानकारी मिली कि बालिका राजस्थान के जिला बूंदी के ग्राम मोर खोड़ना (थाना जेन्डोली) में मौजूद है। सूचना मिलते ही ग्वालियर पुलिस की टीम तत्काल राजस्थान रवाना हुई और बालिका को बरामद किया।

# परशुराम जयंती की तारीख को लेकर बना भ्रम

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 अप्रैल.** हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखने वाली भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती को

**कथा व्यास एवं ज्योतिष आचार्य नरेन्द्र दुबे शास्त्री ने तारीख को लेकर असमंजस किया खत्म**

लेकर इस बार लोगों में काफी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। लोग इस बात को लेकर परेशान हैं कि जयंती 19 अप्रैल को है या 20 अप्रैल को। कथा आचार्य



ज्योतिषविद और पंचांग के ज्ञाता पंडित नरेंद्र दुबे शास्त्री के अनुसार अब यह स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है। शास्त्री जी के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को भगवान परशुराम का प्राकट्य उत्सव मनाया जाता है जो इस वर्ष 19 अप्रैल रविवार को परशुराम जयंती मनाई जाएगी। शास्त्रों के अनुसार, भगवान परशुराम का जन्म प्रदोष काल शाम के समय में हुआ था। चूँकि प्रदोष काल की व्याप्ति 19 अप्रैल को ही मिल रही है इसलिए इसी दिन जन्मोत्सव मनाना शास्त्र सम्मत है। इसी दिन अक्षय तृतीया का महापर्व भी है, जिससे इस दिन का महत्व और अधिक बढ़ गया है।

**क्यों हो रही थी परेशानी**

नरेंद्र शास्त्री ने बताया कि अक्सर तिथि के घटने-बढ़ने और उदय तिथि सूर्योदय के समय की तिथि के कारण लोगों में भ्रम पैदा हो जाता है। 20 अप्रैल को सूर्योदय के समय तृतीया तिथि तो रहेगी, लेकिन वह बहुत कम समय के लिए है। वहीं, भगवान परशुराम की पूजा का मुख्य समय प्रदोष काल 19 अप्रैल की शाम को प्राप्त हो रहा है, इसीलिए विद्वानों ने 19 अप्रैल को ही जयंती मनाने का निर्णय लिया है।

**शहर में तैयारियों का माहौल**

ग्वालियर सहित पूरे प्रदेश में ब्राह्मण समाज और धर्मप्रेमी जनता द्वारा भव्य शोभायात्राओं और शस्त्र पूजन की तैयारियाँ जोरों पर हैं। प्रशासन ने भी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

## किरार समाज के 31 जोडे बंधेगें परिणय सूत्र में अक्षय तृतीया पर

**ग्वालियर 18 अप्रैल.** किरार सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति मुरार द्वारा अक्षय तृतीया सोमवार 20 अप्रैल को रामलीला मैदान मुरार में 17वां किरार सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जसमें 31 जोडों का विवाह समिति द्वारा कराया जाएगा। समिति के अध्यक्ष मोती सिंह किरार ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गुलाब सिंह किरार रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव, भाजपा ग्रामीण के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत सहित समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहेंगे।

# माधव राव सिंधिया धरोहर फैस्ट का समापन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 18 अप्रैल.** आज श्रीमंत माधवराव सिंधिया 'धरोहर' हैरिटेज फेस्टिवल का भव्य समापन हुआ। यह महोत्सव महारानी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया की दूरदर्शी सोच और सांस्कृतिक समर्पण का प्रतीक है, जो भारत की विरासत के संरक्षण को दर्शाता है। इस वर्ष इस उत्सव की थीम पारसी धरोहर है। इस अवसर पर हमारी बोर्ड ऑफ़ गवर्नर की अध्यक्षा प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती निशि मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात पुरातत्वविद् एवं खाद्य मानवविज्ञानी माननीय डॉ. कुरुश दलाल उपस्थित रहे, अतिथि के रूप में सुश्री रिया दलाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री यज़्दी करांजिया ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। निर्णायक मंडल के रूप में श्री नवकाश जी एवं सुश्री कैनाज पारदीवाला हाथीराम उपस्थित थी। इस कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर श्रीमती शिवांगी सहाय हैं।





इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से लगभग 210 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसमें मेजबान विद्यालय सिंधिया कन्या विद्यालय सहित 13 विद्यालय उपस्थित थे। बोर्ड ऑफ़ गवर्नर की अध्यक्षा महारानी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती निशि मिश्रा, मुख्य अतिथि माननीय डॉ. कुरुश दलाल, अतिथि सुश्री रिया दलाल एवं विशिष्ट अतिथि श्री यज़्दी करांजिया द्वारा निर्णायकगण एवं विभिन्न विद्यालयों से आए एस्कॉर्ट्स को स्मृतिचिन्ह प्रदान किए गए.